## खबर संक्षेप

### सतना एवं मैहर जिले के बैंकों में 60 करोड़ रूपये की जमा राशि अदावाकृत

**सतना।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की समीक्षा के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि सतना जिले के कुल 1 लाख 21 हजार खातों में 47 करोड़ रूपये एवं मैहर जिले के कुल 35 हजार खातों में 13 करोड़ रूपये की राशि अदावाकृत हो गई है। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि किसी भी खाते में 10 वर्ष तक लेन-देन न होने पर जमा राशि अदावाकृत स्टेज पर पहुंच कर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष में स्थानांतरित हो जाती है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान संचालित किया जा रहा है। जिससे अदावाकृत जमा राशि को अपनी बैंक शाखा में आधार कार्ड एवं साधारण फॉर्म भरकर अपने खाते में वापस ली जा सकती है। यदि जमाकर्ता की मृत्यु हो गई है तब भी वारिस मृतक दावा फॉर्म भरकर अपनी जमाराशि पर दावा कर सकते है। इस अवसर पर 21 खाता धारकों के लगभग 37 लाख रुपए खातों में पुनः सक्रिय भी कराए गए।

### निर्वाचक नामावली में जनप्रतिनिधियों सहित चिन्हित निर्वाचकों का नाम सुनिष्चित करें

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य प्रचलित है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह ने सतना जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग आफीसर को निर्देशित करते हुए कहा है कि निर्वाचक नामावली में चिन्हित निर्वाचक जैसे न्यायपालिका के सदस्य, जन प्रतिनिधि घोषित पदों पर आसीन व्यक्ति तथा कला,संस्कृति,पत्रकारिता,खेल एवं लोक सेवा आदि क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज होने की पुष्टि कराये। साथ ही नामों को गलती से भी निरस्त न किया जाये।

### 51वां उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह मैहर में 7 से 9 नवम्बर तक

**मैहर।** मैहर में प्रतिवर्ष होने वाली ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का 51वां आयोजन बड़े धूमधाम से 7 से 9 नवम्बर तक किया जाएगा। मैहर में होने वाले प्रसिद्ध संगीत समारोह की तैयारियों जोर-शोर से की जा रही है। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल और जिला प्रशासन मैहर के संयुक्त तत्वाधान में यह समारोह स्टेडियम ग्राउंड मैहर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सभी नागरिकों का प्रवेश निःशुल्क होगा। 51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का शुभारंभ 7 नवम्बर को सायं 7 बजे से स्टेडियम ग्राउण्ड मैहर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति पर्यटन,धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व विभाग मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सतना सांसद गणेश सिंह,विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मैहर गीता संतोष सोनी की विशेष गरिमामय उपस्थिति रहेगी। 51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह में देश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के साथ ही चयनित क्षेत्रीय और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होगी। प्रथम दिवस 6 नवम्बर को पूर्वरंग कार्यक्रम के तहत स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की शास्त्रीय गायन,वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां होगी। इसी प्रकार 7 नवम्बर को मैहर वाद्य वृन्द संगीत सभा की शुरुआत की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 नवम्बर को रूपरानी दास एवं साथी दिल्ली द्वारा कथक समूह नृत्य,इन्दौर की कनकश्री भट्ट गायन तथा सिराज अली खां कोलकाता द्वारा सरोद वादन की प्रस्तुतियां होगी। 8 नवम्बर की संगीत सभा में मैहर का वाद्य वृन्द,आरोही मुंशी दिल्ली की भरतनाट्यम एकल नृत्य, सुचिस्मिता साहू एवं साथी उडीसा का ओडिसी समूह नृत्य,अवधेश सिंह तोमर सागर का गायन, अश्वनी शंकर दिल्ली का शहनाई जुगलबंदी,सचिन कुम्हरे रायपुर का कथक एकल की प्रस्तुतियां होगी। 9 नवम्बर को मैहर वाद्य वृन्द,अनुराधा पाल मुंबई-रविशंकर उपाध्याय दिल्ली का तबला-पखावाज जुगलबंदी,कविता शाजी एवं साथी भोपाल द्वारा मोहिनीअट्टम समूह नृत्य,विनोद मिश्रा सतना का गायन,संगीत शंकर वाराणसी का वायोलिन वादन तथा मानव महंत ग्वालियर का कथक युगल की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## थप्पड़ कांड की आंच रीवा तक! सांसद के थप्पड़ से आहत कर्मचारी पहुंचा आईजी ऑफिस, मिला सैकड़ों का समर्थन

सतना

सांसद गणेश सिंह द्वारा नगर निगम के क्रेन ऑपरेटर गणेश कुशवाहा को सार्वजनिक रूप से कथित तौर पर थप्पड़ मारने का मामला अब राजनीतिक रंग लेता हुआ रीवा तक पहुंच गया है। सांसद के थप्पड़ से आहत पीड़ित कर्मचारी गणेश कुशवाहा सैकड़ों लोगों के समर्थन के साथ रीवा स्थित महानिरीक्षक कार्यालय पहुंचा। उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी शिकायत दर्ज कराने की बात कही।



यह घटनाक्रम उस समय हुआ जब सांसद एक कार्यक्रम में प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान क्रेन के हाइड्रोलिक बॉक्स में फंस गए थे और नीचे उतरते समय संतुलन बिगड़ने पर उन्होंने कथित तौर पर ऑपरेटर को चांटा मार दिया था,जिसका वीडियो वायरल हो गया था। पहले तो ऑपरेटर ने सांसद को अपना बड़ा भाई बताते हुए थप्पड़ की बात से इनकार कर दिया था,लेकिन बाद में उसने अपहरण और बयान बदलने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए सतना के कोलगवां थाने में दोबारा शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए थाने का घेराव भी किया था। सतना पुलिस इस बहुचर्चित मामले की जांच कर रही है,लेकिन आईजी ऑफिस रीवा में कर्मचारी का पहुंचना और सैकड़ों की भीड़ का समर्थन मिलना,इस बात का संकेत है कि यह मामला अब तूल पकड़ चुका है और पुलिस पर निष्पक्ष कार्रवाई करने का दबाव बढ़ गया है। यह घटना सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष के बीच सियासी संग्राम का केंद्र बन गई है।

## मैहर न्यू आरकंडी में नहीं सुधर रहे हालात, सड़े मृत जानवरों से फैली दुर्गंध-वार्ड नंबर 1 की स्थिति बनी शर्मनाक

**मैहर।** धार्मिक नगरी मैहर के वार्ड क्रमांक 1 न्यू आरकंडी क्षेत्र की हालत दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। क्षेत्र में जगह-जगह मृत जानवरों को खुले में फेंक दिया जाता है,जिससे चारों ओर भारी दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है। आसपास के रहवासी इस दुर्गंध और अस्वच्छता से बेहद परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी जब उन्होंने नगर पालिका की गाड़ियों को रोककर इस समस्या की शिकायत की थी,तब सीएमओ सुषमा मिश्रा ने आश्वासन दिया था कि अब मृत जानवरों को खुले में नहीं फेंका जाएगा,बल्कि उचित तरीके से जमीन में गाड़कर निस्तारण किया जाएगा। बावजूद इसके हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। वार्डवासियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है। यदि नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि अपने वार्ड की यह स्थिति नहीं देख पा रहे हैं,तो पूरे शहर की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से मृत जानवरों के निस्तारण की उचित व्यवस्था की जाए और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए,ताकि लोगों को दुर्गंध और संक्रमण से राहत मिल सके। मैहर नगर पालिका में सफाई कर्मियों की 250 से 300 के बीच है लेकिन मैहर में हर जगह सफाई का रोना है।

## मैहर पुलिस ने रेत के ढेर से बरामद की 57 हज़ार की नशीली कफ सिरप,आरोपी गिरफ्तार!

मैहर।

रीवा आईजी गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' की मुहिम लगातार रंग ला रही है। रीवा जोन के अंतर्गत मैहर पुलिस लगातार संभावित स्थानों पर दबिश देकर समाज को नशे की लत लगाने वाले तस्करों को दबोच रही है। इसी क्रम में,कल रात थाना ताला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। ग्राम सनेही में आरोपी नंदकिशोर उर्फ छोटे भैय्या पटेल के घर पर दबिश दी गई। आरोपी ने चालाकी दिखाते हुए नशीली कफ सिरप को अपने घर के सामने रखी रेत के ढेर में दो बोरियों में भरकर छिपा दिया था और उस पर लौकी की बेलें लगा दी थीं ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने जेसीबी की मदद से रेत को फैलवाकर छिपाई गई 286 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप बरामद की,जिसकी कीमत लगभग 57,200 है।



### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी नंदकिशोर उर्फ छोटेभैय्या पटेल (पिता नर्मदा पटेल,उम्र 59 वर्ष,निवासी बड़ा टोला सनेही) को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 47/25 के तहत धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ऐसे होता था अवैध कारोबार

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 120 प्रति शीशी के हिसाब से कफ सिरप खरीदकर 300 प्रति शीशी के हिसाब से बेचकर अवैध लाभ कमाता था। फिलहाल,पुलिस आरोपी से कफ सिरप के विक्रेताओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। आवश्यक कार्यवाही के बाद आरोपी को न्यायालय पेश किया जाएगा।

## पिथौराबाद में भ्रष्टाचार की गवाही देता पुलिया निर्माण

**सतना।** उचेहरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिथौराबाद में विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं। हाल ही में गौशाला के पास की सड़क पर लगभग 3 लाख रुपये की लागत से एक पुल का निर्माण किया गया,जिसमें घटिया सामग्री और अमानक स्तर की डस्ट का इस्तेमाल किया गया।



ओपी अस्थाना सीईओ उचेहरा



### हालिया पुलिया की स्थिति

निर्माण के एक सप्ताह के भीतर ही पुल में कई जगह दरारें आ गई हैं और सीमेंट झड़ने लगी है। ग्रामीणों की आपत्तियों को अनसुना कर दिया गया था। 6 माह पहले बसहा नाला के पास बनी पुलिया भी पहली बारिश में टूटकर बह गई थी,जो घटिया निर्माण का ही परिणाम थी।

### सीईओ बदलते ही दब गया घटिया सड़क का मामला

करीब 4 माह पहले 10 लाख की लागत से बनी पीसीसी सड़क उचेहरा नागौद मुख्य मार्ग से बेदुआ सागर तालाब मंदिर तक भी मानकों के विपरीत और घटिया गुणवत्ता की थी,जो कुछ ही महीनों में टूट गई। तत्कालीन सीईओ अशोक मिश्रा ने निरीक्षण के बाद रोड की अत्यंत खराब गुणवत्ता और मानक के विपरीत चौड़ाई पाई थी। उन्होंने नोटिस जारी करने और कड़ी कार्रवाई की बात कही थी। नए सीईओ ओपी अस्थाना के प्रभार संभालने के बाद यह गंभीर मामला पूरी तरह से दब गया है।

### दागी सचिव पर लगे गंभीर आरोप

सभी निर्माण कार्य,सड़क से लेकर पुलिया तक,किसी निर्माण एजेंसी को दिए बिना,स्वयं दागी सचिव छकौड़ीलाल पटेल द्वारा कराए जा रहे हैं,और सभी कार्य बेहद घटिया साबित हुए हैं। सचिव पर पिथौराबाद के साथ-साथ भरहुत पंचायत का भी प्रभार है। वह पूर्व में भी दागी रहे हैं और करही पंचायत में भ्रष्टाचार के चलते निलंबित भी किए गए थे। राजनैतिक हस्तक्षेपों के कारण उन पर कोई कार्यवाही न हीं हो रही है,जिससे उनके हौसले बुलंद हैं और वे लगातार धांधली कर रहे हैं।

### नए सीईओ का आश्वासन

उचेहरा जनपद पंचायत के सीईओ ओपी अस्थाना ने बताया कि वह पुराने सीईओ द्वारा की गई जांच का फॉलोअप ले रहे हैं और हाल ही में बनाई गई घटिया पुलिया निर्माण की शीघ्र जांच कराएंगे। उन्होंने संबंधितों पर नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## एक्स्ट्रा रश क्लियर करने रेलवे ने चलाईं 6 स्पेशल ट्रेनें, पमरे के 4 स्टेशनों पर ठहराव

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात (एक्स्ट्रा रश) को देखते हुए विभिन्न गंतव्यों के लिए 6 स्पेशल ट्रेन ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेनें पूर्व मध्य रेलवे से शुरू होकर पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के सतना,कटनी,जबलपुर और इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेंगी।

### बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल (05265 और 05267)

ये ट्रेनें 11 और 12 नवंबर को बरौनी से दोपहर 12 बजे प्रस्थान करेंगी। ये सतना (01:20), कटनी (02:55), जबलपुर (04:05) और इटारसी (09:05) पहुँचकर तीसरे दिन बांद्रा टर्मिनस पहुँचेंगी।

### बरौनी-एरणाकुलम जंक्शन स्पेशल (05263)

यह ट्रेन 11 नवंबर और 12नवंबर को रात 22:30 बजे बरौनी से चलकर अगले दिन सतना (07:45), कटनी (09:00), जबलपुर (10:35) और इटारसी (14:20) पहुँचेगी। मुज़फ़्फ़रपुर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु स्पेशल (05545): यह ट्रेन 11 नवंबर और 12 नवंबर को रात 21:15 बजे मुज़फ़्फ़रपुर से रवाना होगी,अगले दिन सतना (08:15), कटनी (09:20), जबलपुर (10:45) और इटारसी (14:15) पहुँचेगी।

## वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत



**सतना।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार नवंबर माह के प्रथम कार्य दिवस सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की उपस्थिति में सामूहिक रुप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन करने के उपरांत कार्यालयीन काम काज की शुरुआत की गई। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,अपर कलेक्टर विकास सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह,सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेत में एक साथ 200 प्रकार की धानों को देख अचंभित रहे बच्चे

### कृषि यंत्रों के संग्रहालय, परंपरागत बीज बैंक का नवोदय स्कूल मऊ शहडोल के छात्रों ने किया अवलोकन

**सतना।** जिले के पिथौराबाद गांव में पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा विकसित किए गए कृषि आश्रित समाज के भूले विसरे उपकरणों का संग्रहालय,परम्परागत बीज बैंक एवं खेत में लगी 200 प्रकार की धानों का अवलोकन करने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ शहडोल के 90 छात्र छात्राएं पहुंचे, इस दौरान पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने छात्रों को कृषि यंत्रों,परंपरागत अनाजों और जैविक खेती की उपयोगिता रासायनिक के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य उमा पी राउत,शिक्षक एन एस बघेल,सुरजीत मोडल,लाल रतन,पनिक्षा मिश्रा,अभिमन्यु दहायत,वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दाहिया शामिल रहे।



## कोतवाली पुलिस ने सराफा व्यवसायी और प्राइवेट बैंक डिस्ट्रीब्यूटर को किया गिरफ्तार

# जालसाजीः लाखों रूपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली पुलिस ने एक बड़े ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एक सराफा कारोबारी और एक प्राइवेट बैंक के डिस्ट्रीब्यूटर ने मिलकर करीब आधा करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जिससे इस पूरे नेटवर्क के और भी राज खुलने की उम्मीद है।



सराफा बाजार निवासी अरुण कुमार गोयनका (63 वर्ष) ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी कि उनके बैंक खाते में 4 लाख रुपये का होल्ड लग गया है, जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए सायबर सेल से खाते में होल्ड लगाए जाने के बारे में जानकारी एकत्रित की गई। जांच में पता चला की ग्राम बरही पो. पिपरिया शुक्ल वार्ड नं. 10 तह. ढीमरखेडा निवासी रितिक कुमार पटेल ने उसके खाते में होल्ड लगाया है।

पूछताछ में अरूण कुमार गोयनका ने बताया कि संगीता ज्वेलर्स माधवनगर कटनी के संचालक रवि पाहुजा ने 18 सितंबर 2025 को रितिक कुमार पटेल को 457.06 ग्राम शुद्ध सोना दिया था, जिसकी कीमत 51 लाख 80 हजार 800 रू है जिसके 3 बिल रितिक पटेल के नाम से थे। रवि पाहूजा बोला कि यह बिल रितिक पटेल को देना है। रितिक पटेल से जब खाता होल्ड लगाने की बात कही तो उसने साफ मना कर दिया और बोला कि मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं है।

रवि पाहूजा से घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरा ग्राहक रवि रावलानी है, जो फिनो बैंक का डिस्ट्रीब्यूटर है। वह पहले कटनी में ग्राम पंचायत माधवनगर के पास फिनो बैंक का कियोस्क चलाता था, उसने करीब 6 माह से काम बंद कर दिया है। रवि रावलानी ने उसे बताया कि टेलीग्राम के माध्यम से एक व्यक्ति ने ऑनलाईन 10 लाख रू, 39 लाख रू एवं 39 लाख रू. कुल 88 लाख रू फिनो बैंक के मर्चेन्ट आई.डी. के खाते में भेजा है। यह खाता कुलदीप मलिक, संजय कुमार, रितिक पटेल के नाम से है जिन्हें रवि रावलानी स्वयं चलाता था। कुलदीप मलिक तिलक कालेज के पास कटनी, संजय कुमार और रितिक पटेल ढीमरखेडा के निवासी है।

पैसा भेजने वाले व्यक्ति ने रवि रावलानी से बोला था कि इन पैसों को कैश करके यू.एस.डी.टी में कन्वर्ट कर के मुझे भेज दीजिये। जिसके बदले रवि रावलानी को 6 प्रतिशत कमीशन देने को बोला था। तब रवि पाहूजा ने रवि रावलानी को बोला कि इन पैसों को गोयनका ज्वेलर्स सराफा बाजार कटनी के खाते में डलवाकर शुद्ध सोना खरीद लेते है और उस सोने को बेचकर नगद रकम लेकर यू.एस.टी.डी लेकर दे देगे। रवि रावलानी से रवि पाहूजा की 3 प्रतिशत कमीशन में बात हुई और जो सोना खरीदेगा उसे भी 0.5 प्रतिशत कमीशन देने की बात हुई।

रवि पाहूजा ने 18 सितंबर 2025 को गोयनका ज्वेलर्स के मालिक अरूण कुमार गोयनका से बात करके सौदा तय किया। 19 सितंबर 2025 को गोयनका ज्वेलर्स से आधी राशि का सोना लिया और उसी दिन सराफा बाजार में सांई आर्नामेंट ज्वेलरी की दुकान में बेच कर नगद पैसा ले लिया। फिर 23 सितंबर 2025 को बाकी बची हुई राशि का सोना खरीदा और फिर उसे सांई आर्नामेंट तथा लालचंद भीखचंद की ज्वेलरी की दुकान में बेच कर नगद पैसा प्राप्त किया। फिर सबका कमीशन काटकर रवि पाहूजा और रवि रावलानी बची हुई राशि का यू.एस.टी.डी में कन्वर्ट करके जिस खाते से पैसा मिला था उसमें ही भेज दिया।

रवि रावलानी के द्वारा भी उक्त घटनाक्रम के बारे में भी यही जानकारी दी गई और किस व्यक्ति के द्वारा उसके खाते में पैसा डाला गया यह उन्हें भी पता नहीं। जिसके संबंध में टेक्नीकल टीम के द्वारा साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली कटनी में अप.क्र 919/2025 धारा 318 (4),319 (2).316(2) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



## गांव को नशामुक्ति बनाने के लिए ग्रामीणों की सहभागिता से निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गाँव -गाँव नशे के खिलाफ अब ग्रामीण जागरूक होकर बंद कराने आगे आ रहे हैं। गाँव -गाँव खुली शराब की पैकारियो को बंद कराने नारी शक्ति आगे आकर आवाज बुलंद कर रही हैं। रीठी विकासखंड की ग्राम पंचायत बड़खेड़ा के सरपंच अंजू आशीष लोधी ने गाँव को नशा मुक्त बनाने की नेक पहल की हैं।

रविवार को ग्राम पंचायत बड़खेड़ा को नशामुक्त बनाने सरपंच के आव्हान पर ग्रामवासियो की बैठक आयोजित हुई जिसमें गाँव को नशा मुक्त घोषित किया गया। सरपंच ने कहा कि नशीले पदार्थों तथा शराब सेवन के दुष्परिणाम से आमजन को जागरूक करते हुए विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को इनसे बचाना है। नशा नाश की जड़ है। इसने आज तक किसी का भला नहीं किया।नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ खुलकर आगे आये व आवाज उठायें।सभी की सहभागिता से गाँवो को नशा मुक्त बनाया जा सकता है।नशे के जहर से समाज को बचाने के लिए नशे के अवैध कारोबार की जड़ पर प्रहार जरूरी है। ऐसे अपराधियों को ध्वस्त करें। खुले में शराब पीने, शराब पीकर हुडदंग करने वालो पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आमसभा में सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि ग्राम में शराब ओर गांजा नहीं बिकने देंगे जो भी शराब ओर गांजा की बिक्री करेगा उस पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। सरपंच अंजू आशीष लोधी ने कहा किया जो भी शराब ओर गांजा की बिक्री करें उसकी जानकारी दे, सूचना और जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा । नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जानकारी दे, सूचना मिलते ही ठोस कार्यवाही की जाएगी।

# पवई में ओबीसी महासभा का उग्र प्रदर्शन, सांसद बीडी शर्मा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

राजनीति के हालात जिले में वहीं संगठनों की दास्ता तथा पुलिस प्रषासन को लेकर जिस तरह से ओबीसी महासभा की रैली में विरोध झलका है। जहां खुलेआम बी.डी. शर्मा मुर्दवाद के नारे आखिर क्यों? वहीं पुलिस प्रषासन मुर्दवाद के नारे भी चर्चा में। पवई तहसील मुख्यालय में एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के बाद अब जांच पर नजर। हालात जिले में इस तरह के कुछ चिंता की ओर जरूर चर्चा में है।






पन्ना।

जिले में इन दिनों हालात अलग ही सुर्खियां बनी हुई है। जिसमें कई घटनायें जो पुलिस प्रषासन के लिए जहां ओबीसी महासभा की विगत दिवस पवई में रैली व ज्ञापन धरना प्रदर्षन जिस तरह से आक्रोष नजर आया है। जिसमें खुलेआम सड़को में बी.डी. शर्मा मुर्दावाद तथा पुलिस प्रषासन मुर्दावाद के नारे लग रहे थे वहीं ओबीसी महासभा जिंदावाद आखिर हमारे जिले में राजनीति को लेकर जो यह संकेत कहीं न कहीं अपने आप में जिस तरह से उबाल को लेकर आक्रोष के रूप में नजर आने लगी है। आखिर यह चिंता का विषय तो है ही। वहीं पुलिस प्रषासन को लेकर कई घटनायें जो थानों में हालात भले चाहे जो हो पर इन घटनाओं के पीछे ओबीसी महासभा ने सीधे आक्रोष जताते हुए पुलिस प्रषासन मुर्दाबाद के नारे जो लगाये है। यह सायद अलग ही चर्चा में है। जिले की कई थानों की घटनायें चर्चा में आई है। चाहे वह शाहनगर थाने में बल्लू लोधी की घटना हो या फिर बृजपुर थाने में पंचम यादव की गिरफतारी को लेकर जिस तरह से पुलिस व ग्रामीणों के बीच घटना घटित हुई उसमें पुलिस के ऊपर जो आरोप लग रहे है। वहीं पवई थाने में भी रामभगत कुषवाहा का मामला वहीं देवेन्द्रनगर अंतर्गत राजेष कुषवाहा का मामला वहीं सुखचैन चौधरी का प्रकरण ग्राम गजंदा पुलिस चौकी बोरी थाना शाहनगर, जिस तरह से इन मामलों को लेकर ओबीसी महासभा ने सड़क में उतरकर अपना आक्रोष पुलिस प्रषासन मुर्दाबाद के नारे लगाकर जो अपनी सोच बयां की हैं। वहीं सवाल यह उठता है कि बी.डी. शर्मा खजुराहो सांसद है जोकि इनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे आखिर क्यों? क्या कहीं न कहीं राजनैतिक द्वेस कहें या इसके पीछे कुछ और आखिर विगत दिवस जिस तरह से खुलेआम पवई नगर की सड़कों में ओबीसी महासभा ने अपना संघर्ष रूपी आक्रोष बयां किया है वहीं ज्ञापन में उल्लेख तो अपनी मांगों को लेकर किया है संविधान की गरिमा व समाजिक न्याय और समान अधिकार की रक्षा की बात भी कही जा रही है। आखिर यहां इस तरह की सड़क में नारेबीजी जो अपने आप में कैसा समाजिक न्याय को लेकर मांग है चिंता का विषय जरूर है देखना यह है कि जो ज्ञापन सौंपा गया है एसडीओपी पवई को वहीं पुलिस अधीक्षक की ओर जिस तरह से एसडीओपी ने मीडिया से बयां किया है वह ज्ञापन भेजा जायेगा। जिसमें जांच के बाद क्या होगा इस पर है सबकी नजर। आखिरकार जहां इस तरह से जिले में पहली बार सुर्खियां चर्चा में है। आखिर यह आक्रोष अपने आप में जहां मां कलेही के दरबार से धरना के बाद पवई की सड़कों में नारेबाजी ओबीसी महासभा के जिंदावाद वहीं बी.डी. शर्मा व पुलिस प्रषासन के मुर्दाबाद के नारे जो सवालों के घेरे में आखिरकार जांच के बाद क्या होता है यह अपने आप में स्वयं ही सामने आयेगा। वहीं चिंता का विषय राजनीति के परिदृष्य को लेकर भी अहम है। इस तरह से नारेबाजी को लेकर कयासों का दौर जारी। यहां समूचे लोकसभा को ध्यान में रखकर यह कार्यक्रम जहां कई थानों की घटनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है जिसके कारण सायद आक्रोष खजुराहो सांसद के प्रति चर्चा में है। अब देखना यह है कि ज्ञापन जो सौंपा गया है उसमें पुलिस की जांच पड़ताल के बाद क्या आता है सामने जो स्वयं ही जाना जायेगा। गौरतलब बात यह है कि इस धरना प्रदर्षन रैली में जिले के आलावा पड़ोसी जिलों के लोग भी संगठन के शामिल रहे।

### ये रहे शामिल

सामाजिक न्याय महाआंदोलन में जिले के पिछड़े, दलित वर्ग और आदिवासी समाज की एकता देखने को मिली। इस कार्यक्रम में शामिल होने पन्ना जिले के गांव गांव से बहुजन समाज के लोग बड़ी तादाद में पवई पहुंचे थे। इसके अलावा आसपास के जिलों के लोगों ने भी बढ़चकर कार्यक्रम में सहभागिता की। सामाजिक न्याय महाआंदोलन को भीम आर्मी एकता मिशन संगठन एवं जय आदिवासी युवा संगठन (जयस) सहित अन्य संगठनों ने अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओबीसी महासभा कोर कमेटी से एडवोकेट धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. पुष्पराज पटेल, इंजी. महेन्द्र सिंह लोधी, लोकेन्द्र सिंह गुर्जर, सेवालाल पटेल, कमलेश भाई पटेल, शंकर पटेल, जयस जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सुनील टाइगर, अरविन्द दांगी (महासचिव), डॉ. बृजेन्द्र यादव (राष्ट्रीय सचिव), डॉ. नारायण पटेल, नारायण प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह लोधी, चतुर्भुज कुशवाहा, राष्ट्रीय छात्र मोर्चा अध्यक्ष हेमंत साहू, आर.डी. प्रजापति पूर्व विधायक, विनोद पटेल युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा अंकिता सिंह कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रिचा पटेल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष लीलाधर कुशवाहा, जिलाध्यक्ष छतरपुर तीरथ कुशवाहा, राजेन्द्र कुमार लोध, सोनेलाल प्रजापति सहित सैंकड़ों की संख्या में बहुजन समाज के लोग शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### अमानगंज हायर सेकंडरी विद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**अमानगंज।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ को दिया प्रशिक्षणपन्ना जिले के गुनौर विधानसभा अंतर्गत आने वाले अमानगंज हायर सेकंडरी विद्यालय में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में समस्त बीएलओ को मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। यहां प्रशिक्षण सोमवार की शाम 4:00 बजे तक चला। प्रशिक्षण के दौरान ममता मिश्रा, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा गुनौर एवं हेमंत कुमार अवधिया नायब तहसीलदार अमानगंज मौजूद रहे। सभी बीएलओ को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया जिसमें सुरेंद्र कुमार द्विवेदी, देवेश कुमार, संजय शर्मा, हरिराम, महेंद्र यादव, प्रदीप कुमार, सुखेंद्र गौतम, के सी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे ।

### ददोलपुरा निवासी 23 वर्षीय महिला लापता

**अमानगंज।** पुलिस थाने में गुमसुदगी कायम पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दद्दोलपुरा से एक 23 वर्षीय महिला की लापता होने की बात सामने आई। पूरे मामले को लेकर अमानगंज पुलिस ने सोमवार की शाम 7:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि महिला पार्वती आदिवासी पति संतराम आदिवासी उम्र 23 वर्ष निवासी दद्दोलपुरा घर से धान काटने का बोल कर गई थी और जो शाम को घर वापस नहीं लौट के आई। इसके बाद पूरे मामले की सूचना फरियादी गुड्डी बाई पति बद्दड़ा आदिवासी द्वारा अमानगंज पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने पूरे मामले को लेकर महिला की गुमसुदगी कायम कर महिला की तलाश प्रारंभ कर दी

### अमानगंज पुलिस ने जुए के फड़ पर मारा छापा

**अमानगंज।** नई बस स्टैंड में ताश के 52पत्तों के सहारे हार जीत का दाव लगा रहे थे लोगपुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर जिले की पुलिस लगातार अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध कृत्य करने वालों पर कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी रवि जादौन की टीम द्वारा अमानगंज नई बस स्टैंड पर जुए के फड़ पर छापा मारा जिसमें पुलिस ने मौके पर 11200 नगद एवं ताश के 52पत्ते बरामद किए और छह आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट का मामला दर्ज किया। इस पूरी कार्यवाही में प्रधान आरक्षक लक्ष्मण यादव, शिवम शर्मा, राजीव बेड़िया, राजीव मिश्रा,अखिल पाल सहित पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पूरे मामले की जानकारी पुलिस द्वारा सोमवार की शाम 7:00 बजे प्रेस नोट के माध्यम से दी गई।

### दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए मजदूरी की नवीन दरें निर्धारित

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने श्रमायुक्त म.प्र. शासन इन्दौर की गत एक अक्टूबर को जारी अधिसूचना के परिपालन में शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए एक अक्टूबर 2025 से मासिक एवं दैनिक वेतन की नवीन दरें निर्धारित की हैं। इसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी शामिल है। अब निर्धारित वेतन दर अनुसार अकुशल श्रेणी के कर्मचारियों को 12 हजार 150 रूपए प्रतिमाह एवं राउण्ड अप कर 405 रूपए दैनिक दर निर्धारित की गई है। इसी तरह अर्धकुशल कर्मचारियों के लिए 13 हजार 146 रूपए प्रतिमाह एवं 438 रूपए दैनिक दर, कुशल कर्मचारियों के लिए 14 हजार 869 रूपए प्रतिमाह एवं 496 रूपए दैनिक दर तथा उच्च कुशल कर्मचारियों के लिए प्रतिमाह 16 हजार 494 रूपए एवं 550 रूपए दैनिक दर का निर्धारण किया गया है।

### ग्राम पंचायत राजापुर में आवास हीन परिवारों के लिए बनेंगे भवन स्थल

**पन्ना।** एसडीएम पन्ना संजय नागवंशी ने पत्र जारी करते हुए उल्लेख किया है कि जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत राजपुर में सरपंच के अनुरोध के अनुसार आवास हीन परिवारों के लिए शासकीय जमीन के खसरा नंबर 784 / 1 रखवा2 हैकटेयर शासकीय भूमि को आबादी घोषित करते हुए पात्र आवास हीनों को आवास भवन निर्माण किया जाना है जिसका स्थल निरीक्षण 5 नवंबर को किया जाएगा एसडीएम ने तहसीलदार देवेंद्र नगर उप यंत्री, ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव पटवारी तथा राजस्व निरीक्षक को उपस्थित होने के लिए आदेश किया है।

## 5100 दीपों की अलौकिक आभा में नहाया सूंघा बाबा महाराज का मंदिर



**पन्ना।** देवेंद्रनगर के ग्राम पंचायत बड़वारा अंतर्गत स्थित सूंघा बाबा महाराज के मंदिर में देवउठनी एकादशी के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अयोध्या की तर्ज पर रामभक्त मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत रात्रि 8 बजे मंदिर परिसर में 5100 दीपों का प्रज्वलन किया गया, जिससे सम्पूर्ण परिसर दीपमालाओं की दिव्य रोशनी से जगमगा उठा। इस अनुपम दृश्य को देखने के लिए बड़वारा के साथ-साथ देवेंद्रनगर, नुनाही और राजापुर सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बड़वारा ग्राम में स्थित यह पवित्र स्थल देवेंद्रनगर तहसील मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूर है। यहाँ शेषनाग अवतारी लक्ष्मण जी का दुर्लभ मंदिर है, साथ ही भगवान शिव और हनुमान जी के मंदिर भी स्थित हैं। ग्राम के कुलदेवता के रूप में पूजित सूंघा बाबा महाराज के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा है। स्थानीय पुजारी पंडित पुनीत जी ने बताया कि सूंघा बाबा का यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है। मान्यता है कि यहां सदियों पहले एक महान संत ने कठोर तपस्या की थी, और यही स्थान लक्ष्मण जी की मूर्ति का भारत का प्रथम मंदिर माना जाता है। ऐसा विश्वास है कि जो भी श्रद्धालु यहां मनोकामना लेकर अर्जी लगाते हैं और मंदिर की पाँच परिक्रमा करते हैं, उनकी हर इच्छा पूर्ण होती है। यह भी कहा जाता है कि संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दंपती और भूत-प्रेत बाधा से मुक्ति चाहने वाले श्रद्धालु यहां आकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। हालांकि, श्रद्धालुओं की आस्था और ऐतिहासिक महत्त्व के बावजूद मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में प्रशासनिक उदासीनता और अनियमितताओं के आरोप भी सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन को इस आस्था स्थल के विकास और संरक्षण के प्रति संवेदनशील होना चाहिए, ताकि यह प्राचीन धरोहर अपनी भव्यता और पवित्रता के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके।

### पुलिस द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र में बराछ धनगढ़ तिराहा के पास हुई लूट की घटना का खुलासा

## 3 शातिर आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पन्ना।



आरोपियों ने पवई थाना क्षेत्र में शिक्षक को घर में बंधक बनाकर लूट करने तथा पेट्रोल पंप से कियोस्क बैंक में पैसा जमा करने जाते समय रास्ते में लूट की घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की प्लेटिना मोटरसाइकिल सहित 01 लाख 69 हजार रुपये का मशरूका किया गया जप्त।

पुलिस ने लूट की गंभीर वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, नगद राशि एवं घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त किया गया है। दिनांक 02.09.2025 को शाम लगभग 04.00 बजे फरियादी देशराज आदिवासी पिता कुसालू आदिवासी निवासी ककरहटी थाना देवेन्द्रनगर अपने रिश्तेदारों के यहां जैतूपुर अमानगंज से घर लौट रहा था। इसी दौरान बराछ धनगढ़ तिराहा के पास मेन रोड पर एक बिना नंबर की प्लेटिना मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने फरियादी को धमकाते हुये उसकी शर्ट की जेब से मोबाइल फोन और नकद 500 छीन लिए। फरियादी द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (क्रमांक डचर्0729) भी लूट ली। फरियादी को रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 775/25 धारा 309(4) ठछै का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा उक्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में निरीक्षक रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल की सहायता से मामले में हर संभव प्रयास किए गए। विवेचना के दौरान आरोपियों के संभावित हुलिया के लोगो की पतारसी की गई साथ ही संभावित रूट के सी.सी.टी.व्ही कैमरो की जांच की गई एवं मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप सायबर सेल की मदद एवं मुखविर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थान पर दबिश देकर 01 संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपने दो अन्य साथियों यशपाल सिंह बुंदेला उर्फ राजा बुंदेला, निवासी अगोरा, थाना सिविल लाइन, जिला दतिया एवं अभिराज सिंह उर्फ अभी सिंह, निवासी बडौनी, थाना बडौनी जिला दतिया के साथ घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुये दतिया जिले से दोनों सहआरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने लूट की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने लूटी गई मोटरसाइकिल गुनौर स्टेडियम परिसर में छिपा रखी है। पुलिस द्वारा मौके से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई। साथ ही, पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा पवई थाना के अपराध क्रमांक 379/25 एवं 23/25 मे पवई थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना करना स्वीकार किया, जिसके संबंध में थाना पवई द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। मामले मे आरोपियों को पी.आर. पर लेकर पूछताछ की जाएगी जिससे और घटनाओं के खुलासा होने की संभावना है।

**नाम पता आरोपी-** 1. पंकज सिंह उर्फ राव साहब परमार, पिता बसंत सिंह परमार, उम्र 23 वर्ष, निवासी बराहो, थाना पवई, जिला पन्ना (म.प्र.)

2. यशपाल सिंह बुंदेला उर्फ राजा बुंदेला, पिता अनूप सिंह बुंदेला, उम्र 25 वर्ष, निवासी अगोरा, थाना सिविल लाइन, जिला दतिया

3. अभिराज सिंह उर्फ अभी सिंह, पिता कृष्णपाल सिंह बुंदेला, उम्र 18 वर्ष 04 माह, निवासी बडौनी, थाना बडौनी, जिला दतिया

**जप्त सामग्री-** आरोपियों के कब्जे से लूटी हुई एचएफ डीलक्स मो.सा. डचर्0729 कीमती 80 हजार रुपये व एक मोबाइल का कीमती 09 हजार रूपये व घटना मे प्रयुक्त बिना नम्बर की मो.सा. प्लेटिना कीमती करीब 80 हजार रुपये की जप्त की गई।

**सराहनीय योगदान-** उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली नि. रोहित मिश्रा, चौकी प्रभारी बराछ उनि. सरोज गहलोत, सउनि अशोक गौतम, प्र.आर. शिवस्वरूप तिवारी, बृषकेतू रावत, खेमचंद्र राय, अशोक सिंह, आर. अभिषेक सिंह, जीतेन्द्र पटेल, सत्यनारायण अग्निहोत्री, शैलेन्द्र बागरी, तथा सायबर सेल से प्र.आर. राहुल बघेल, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र राहुल पाण्डेय, नितिन नवराज का सराहनीय योगदान रहा।

## जिले में आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, तीन माह से वेतन न मिलने पर सीएमएचओ और तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



पन्ना।

पन्ना जिले में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं और उनके पर्यवेक्षकों को पिछले तीन महीनों से मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होने से भारी रोष व्याप्त है। अपनी लंबित मांगों को लेकर, बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक आज जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) और तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है।

**मुख्य बिंदु-** भुगतान की समस्यारू आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें और उनके पर्यवेक्षकों को जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का मानदेय और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

**आर्थिक तंगी-** कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि समय पर भुगतान न होने से उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है।

**सरकारी योजनाओं पर प्रभाव-** आशा कार्यकर्ता ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाती हैं और टीकाकरण, संस्थागत प्रसव व अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका कहना है कि भुगतान में देरी से उनके मनोबल पर बुरा असर पड़ रहा है और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन में भी बाधा आ रही है।

**प्रशासन को चेतावनी-** सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से, कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द बकाया भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आगे की रणनीति तय कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगी। सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही बजट आवंटन और भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ज्ञापन सोपने वालों में प्रीति शर्मा गुड्डी यादव शांति बाई चौधरी सावित्री वर्मा, रुक्मणी प्रजापति, गोमती साहू मीनाक्षी चौबे सावित्री लोध संजू लता यादव राजा भाई वर्मा रमा सोनी,उषा समदड़ियां मालती दास सुप्रिया मिस्त्री चंदा विश्वकर्मा विनीता राम किशोरी पटेल माधुरी गायत्री ढीमर सुनीता बागड़ी राजा बाई वर्मा उषा समदरिया मल्टी दास सुप्रिया मिस्त्री चंद विश्वकर्मा विनीता राम किशोरी पटेल माधुरी गायत्री ढीमर सुनीता बागड़ी राजा बाई वर्मा विद्या चौधरी यशोदा आदिवासी पूजा यादव रीना विश्वास शहर बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक कार्यकर्ता अगर मौजूद रही।

## डॉ. रमन सिंह जी से डॉ. हृदय शाह जूदेव की भेंट, गो वेनम, के संभावित नैदानिक परीक्षण तथा राज्यस्तरीय सहयोग पर चर्चा

देवेन्द्रनगर।



रायपुर में आयोजित एक शिष्टाचार भेंट में माननीय डॉ. रमन सिंह जी, विधानसभा अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, से डॉ. सवाई हृदय शाह जूदेव, गो वेनमन्‍ के आविष्कारक तथा शक्तिनेत्रा लैब्स एवं असित अंजना हेरिटेज फाउंडेशन के संस्थापक ने सौजन्य भेंट की। बैठक के दौरान गो वेनम विश्व का प्रथम स्वायत्त परिधान-योग्य प्रतिविष (एण्टी-विष) एवं क्षेत्रीय परीक्षण प्रणाली (फील्ड डायग्नोस्टिक सिस्टम) की वैज्ञानिक रूपरेखा, आगामी नैदानिक परीक्षण (क्लिनिकल ट्रायल) की संभावनाएँ तथा इसे छत्तीसगढ़ राज्य के वन एवं जन-स्वास्थ्य क्षेत्रों में प्रायोगिक परियोजना (पायलट परियोजना) के रूप में लागू करने पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. रमन सिंह जी ने इस पहल को "जीवन-रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी नवाचार की ऐतिहासिक उपलब्धि" बताते हुए इसे मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों से जोड़ते हुए पूर्ण समर्थन एवं सहयोग का आश्वासन दिया। यह भेंट वैज्ञानिक उद्यमिता, स्वास्थ्य-सुरक्षा प्रौद्योगिकी तथा ग्रामीण एवं वन क्षेत्रों में नवाचार-आधारित समाधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 5 को निकलेगी एकता पदयात्रा, बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारियां



**बटियागढ़ ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च (पद यात्रा) का आयोजन के संबंध में रविवार को बटियागढ़ मंडल में एकदिवसीय बैठक भाजपा कार्यालय बटियागढ़ हुई। जिसमें जिले आये पार्टी पदाधिकारी जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक महेश पटेल, सहसंयोजक भरत यादव, जगदीश पटेल, सांसद प्रतिनिधि संगीता श्रीधर शामिल हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय और प्रणव मुखर्जी की प्रतिमा पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण और तिलक लगाकर किया गया। एवं अतिथियों के स्वागत के बाद बैठक में आये हुए पार्टी कार्यकर्ता, सरपंच, जनपद सदस्य से पद यात्रा में स्वयं और अधिक अधिक से लोगों जोड़ने के बारे में चर्चा हुई। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक महेश पटेल ने बताया कि जेरट से फसिंया नाला तक साढ़े तेरह किलोमीटर की ये पदयात्रा है। उसी को लेकर ये बैठक रखी गई है। उसी संबंध में आज बैठक में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के मंडल के पदाधिकारी, मोर्चों के पदाधिकारी, और उनके साथ साथ भारतीय जनता पार्टी जो विचार धारा से संबंधित जो यहां सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य विराजमान हैं। तो हम सब की ये जिम्मेदारी है ।

## खबर संक्षेप

### कुलदीप-विवेक को मिली पीएचडी की उपाधि



**छतरपुर।** भैषजिक विज्ञान संकाय के शोधार्थी विवेक उपाध्याय और कुलदीप उपाध्याय को रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। विवेक उपाध्याय ने अपना शोध कार्य डेवलपमेंट एण्ड इवेल्यूएशन ऑफ टॉपिकल फार्मूलेशन ऑफ सम हर्ब्स फॉर द मैनेजमेंट ऑफ विटिलिगो विषय में सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश सिंह के निर्देशन में किया जबकि कुलदीप उपाध्याय को शोध कार्य प्रिपरेशन, इवेल्यूएशन एण्ड स्टैंडर्डाइजेशन ऑफ टेबलेट्स ऑफ सम हर्ब्स फॉर एंटी इन्फ्लेमेटरी एक्टिविटी विषय में प्राध्यापक डॉ. अभिषेक के निर्देशन में पूर्ण किया। दोनों ही युवाओं को उनके विषयों में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। विदित हो कि विवेक उपाध्याय बिजावर विकासखंड के ग्राम जैतपुर के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए उनके परिवार जनों और ईष्ट मित्रों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पुलिस द्वारा क्षेत्रवासियों एवं विद्यार्थियों से संवाद कर किया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

**छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में छतरपुर पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान के तहत माह नवंबर में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन एवं छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने हेतु जनजागरूकता की जा रही है। साथ ही पास्को अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता अधिनियम एवं अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी नागरिकों को दी जा रही है। पुलिस टीम द्वारा बाल विवाह, बाल अपराध एवं बाल उत्पीडन के दुष्प्रभावों के उदाहरण प्रस्तुत कर समझाइश दी जा रही है, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।सशक्त नारी सदस्यों को क्षेत्र की महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक करने हेतु आवश्यक जानकारी एवं कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया जा रहा है, ताकि हुई सीधे क्षेत्र के महिलाओं एवं बच्चों से जुड़कर अभियान प्रभावी करें। साथ ही जिले के विभिन्न कोचिंग सेंटर एवं शैक्षणिक संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया जा रहा है, उन्हें शिक्षा की ओर अग्रसर होने एवं अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# छतरपुर जिले के घुवारा तहसील के छोटे से गांव की बेटी बनी टीम इंडिया की रफ्तार

## क्रांति गौड़ ने यह साबित कर दिखाया कि लगन, मेहनत और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं




**छतरपुर।** वल्डकप के फाइनल में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। यह जीत न सिर्फ देश के लिए बल्कि मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड अंचल के लिए भी गर्व का क्षण रही, क्योंकि टीम इंडिया की इस विजेता टीम में छतरपुर जिले के घुवारा नगर की बेटी क्रांति गौड़ भी शामिल रहीं।
जैसे ही टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की, घुवारा नगर में जश्न का माहौल छा गया। परिजन और ग्रामीण ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूम उठे। जगह-जगह पटाखे फोड़े गए, मिठाई बांटी गई और एक-दूसरे को बधाइयां दी गईं। गांव में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर लोग मैच देखते रहे और जीत के साथ ही 'भारत माता की जय के नारों से आसमान गूंज उठा। क्रांति गौड़ ने फाइनल मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने तीन ओवर के स्पेल में मात्र 16 रन दिए और साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजों को बांधे रखा। इस प्रदर्शन से उन्होंने टीम इंडिया की जीत में अहम योगदान दिया।जिले का छोटा सा गांव घुवारा आज महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ के कारण पूरे देश में जाना जा रहा है, ये वही क्रांति हैं, जिन्होंने अपने गांव की गलियों से निकलकर टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी तक का सफर तय किया। क्रांति 6 भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं, उनके पिता पुलिस में कांस्टेबल थे और परिवार की आर्थिक स्थिति हमेशा चुनौतीपूर्ण रही। फिर भी बचपन से ही उन्हें क्रिकेट उनके सपनों में सबसे ऊपर था।जब बाकी बच्चे खेल-कूद में समय बिताते, क्रांति अपने घर के सामने के मैदान में लड़कों के साथ गेंदबाजी करती थीं। पिता की नौकरी जाने के बाद मुश्किलें और बढ़ गईं, लेकिन क्रांति ने कभी अपने सपने को कमज़ोर नहीं होने दिया। पढ़ाई की बात करें, तो क्रांति की स्कूल की शिक्षा क्लास 8 तक ही रही। घर की आर्थिक तंगी बढने के कारण उनके परिवार को रोज़मर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया था। क्रांति गौड़ ने वर्ल्डकप में अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल भारत का मान बढ़ाया, बल्कि पूरे बुंदेलखंड को गर्व से भर दिया है। उनका यह प्रदर्शन यह साबित करता है कि लगन, मेहनत और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## शहर में बढ़ रही चोरी की वारदातें, तहसीलदार के घर पर चोरों ने बोला धावा

**छतरपुर।** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी में चोरों ने छतरपुर के तत्कालीन तहसीलदार संदीप तिवारी एवं उनकी पत्नि सब रजिस्ट्रार जागृति पटैरिया के सूने घर को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात और लाखों रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि ग्रीन एवेन्यू स्थित इस मकान में पिछले कई दिनों से कोई नहीं रह रहा था। चोरी का पता तब चला जब मकान मालिक सोमवार को लौटे। फिलहाल फरियादी द्वारा चोरी गई सामग्री की सूची तैयार की जा रही है, जिसके बाद प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगालना शुरू कर दिया है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। वहीं तहसीलदार संदीप तिवारी का कहना है कि मैं अभी छतरपुर आया हूं। अभी तक कैश और जेवरात चोरी होना पाया गया है। बाकी संपत्ति की जांच कर कुछ बता पाऊंगा।

## गर्भवती शिक्षिका ने प्राचार्य पर लगाए आरोप, एसपी को दिया शिकायती आवेदन

**छतरपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रनगर में पदस्थ एक महिला शिक्षक ने प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत अग्निहोत्री पर अभद्रता, बुरी नियत से छेड़छाड़ एवं अश्लील शब्दों के प्रयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदिका ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। आवेदिका ने बताया कि वह विद्यालय में अंग्रेजी विषय की शिक्षिका हैं और वर्तमान में चार माह की गर्भवती हैं।शिक्षिका के अनुसार 29 अक्टूबर 2025 को उनके साथ अनुचित व्यवहार की घटना घटी थी, जिसकी जानकारी उन्होंने 30 अक्टूबर को लिखित रूप से डीईओ और महिला थाने में संबंधित अधिकारी को दी थी। उन्होंने बताया कि मौखिक रूप से भी अपनी पीड़ा वरिष्ठ अधिकारियों को बताई थी, जिन्होंने आश्वासन दिया था कि आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। लेकिन शिक्षिका का कहना है कि आज दिनांक तक प्रभारी प्राचार्य के. के. अग्निहोत्री के खिलाफ न तो कोई ठोस कदम उठाया गया है और न ही थाना बमीठा में एफआईआर दर्ज की गई है। इस कारण आरोपी प्राचार्य के हौसले बुलंद हैं और वे उन पर दबाव बनाकर धमका रहे हैं। शिक्षिका ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए और तत्काल एफआईआर दर्ज कर न्याय दिलाया जाए।





## खेत में शराब रखने का विरोध करने पर परिवार पर हमला, युवक गंभीर घायल

**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजारपुरा गांव में खेत में शराब रखने का विरोध करने पर एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया गया। इस हमले में अजय यादव नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अजय यादव ने बताया कि जब वह अपने खेत में पानी डालने गए, तभी गांव के ही शिवपाल, अशोक और लक्ष्मन यादव ने उनके खेत में शराब की पेटियां रख दीं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो तीनों ने मिलकर लाठी और कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर दिया।
घटना के समय अजय यादव के साथ उनका 12 वर्षीय पुत्र मौजूद था जबकि पत्नि घर पर थीं। घायल की पत्नि नेहा यादव ने बताया कि मेरे पति और पुत्र जब खेत पर थे। तभी उनके पति ने आरोपियों से कहा कि हमारे खेत में शराब की पेटियां मत रखो, वैसे ही तीनों ने उनके पति पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। आरोपी उन्हें मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए। घटना की सूचना बेटे ने उन्हें घर पर फोन करके दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद घायल अजय यादव को 108 एंबुलेंस की मदद से बड़ामलहरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# एलजेसीसी सोसायटी द्वारा करोड़ों की ठगी, एसपी से की शिकायत

**छतरपुर।** भारत सरकार के कृषि मंत्रालय से रजिस्टर्ड बताए जाने वाले सागा ग्रुप द्वारा संचालित एलजेसीसी सोसायटी के खिलाफ करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। कैड़ी गांव निवासी जितेंद्र सिंह सहित कई पीड़ितों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार एलजेसीसी सोसायटी का कार्यालय शहर के मिडसिटी होटल के सामने स्टार टॉवर बिल्डिंग में वर्ष 2016 से संचालित था। इस दौरान सोसायटी ने आईडी, एफडी, एमआईपी, सुकन्या योजना, पेंशन प्लान, सेविंग प्लान, एजुकेशन प्लान और आयुष्मान योजना जैसी कई स्कीमों के जरिए निवेशकों को ऊंचे ब्याज और रिटर्न का लालच देकर करीब 30 से 40 करोड़ रुपए की ठगी की है।



बताया गया है कि दो से तीन हजार लोगों ने इस संस्था में निवेश किया था। पीड़ितों ने बताया कि जुलाई 2024 से संस्था द्वारा भुगतान बंद कर दिया गया और नवंबर 2024 में सागा ग्रुप ने अचानक अपना पैनल सिस्टम बंद कर दिया। इसके बाद से ब्रांच हेड मैनेजर हेमंत समेले, अरविंद त्रिपाठी, समूह चेयरमैन समीर अग्रवाल, सवाब हुसैन, आलोक नाथ श्रेयस तरपड़े, संजय मुदृल, राजेश टैगौर, मास्टर ट्रेनर उत्तम सिंह राजपूत, नितिन निरंजन, मनीष देशपांडे और इकबाल अहमद सहित अन्य अधिकारी फरार बताए जा रहे हैं। सभी के मोबाइल नंबर बंद हैं और दफ्तर पर ताला लटका हुआ है। निवेशकों और अभिकर्ताओं ने कहा कि इन लोगों ने सुनहरे सपने दिखाकर मेहनत की कमाई हड़प ली है। उन्होंने एसपी से मांग की है कि सभी दोषियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

## पुलिस ने अवैध देशी कट्टा, कारतूस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्त्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है। थाना सिविल लाइन पुलिस को दोपहर के समय क्षेत्र भ्रमण के दौरान बच्चा जेल रोड क्रेशर के पास अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम क्रेशर के पास पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा। तलाशी लेने पर अवैध 315 बोर देशी कट्टा व कारतूस बरामद किया गया। आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त राज राजा उर्फ़ इंद्रजीत बुंदेला



मिश्रा पिता संतोष मिश्रा निवासी छत्रसाल नगर छतरपुर के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। अभियुक्त अवैध हथियार, मारपीट, एससी एसटी जैसे 10 अपराध में पूर्व से लिप्त है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। विवेचना कार्यवाही जारी है। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, उपनिरीक्षक मथुरा प्रसाद, सहायक उप निरीक्षक हरिश्चंद्र यादव, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र सिंह, राजेश पाठक, राजू वर्मा, लखन प्रजापति, आरक्षक धर्मेंद्र चतुर्वेदी, हरेंद्र एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# महापुरूषों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर कठोर कार्रवाही की मांग

## अग्रवाल एवं सिंधी समाज ने पुतला दहन कर एसपी व कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन और सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल सहित अन्य महापुरुषों पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर अग्रवाल एवं सिंधी समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। समाजजनों ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल पर सख्त धाराओं में मामला दर्ज कर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की है। अग्रवाल एवं सिंधी समाज ने सोमवार को उक्त युवक का पुतला दहन कर कलेक्टर एवं एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा है। समाजजनों का कहना है कि 26 अक्टूबर 2025 को रायपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान अमित बघेल ने महाराजा अग्रसेन, भगवान झूलेलाल और अन्य महापुरुषों के प्रति कुंठित मानसिकता से अमर्यादित टिप्पणी की, जो अत्यंत निंदनीय और समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। अग्रवाल समाज के सदस्यों ने कहा कि महाराजा अग्रसेन भगवान श्रीराम के वंशज थे। उनके पिताजी ने महाभारत युद्ध में पांडव सेना की ओर से लड़ते हुए वीरगति पाई थी। समाजवाद और समरसता के प्रेरणा स्रोत महाराजा अग्रसेन ने बाल्यकाल से ही एक ईंट, एक रुपया के सिद्धांत से समाज निर्माण का आदर्श प्रस्तुत किया। उनके नाम पर भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया है और मध्यप्रदेश शासन द्वारा अग्रसेन पुरस्कार प्रदान किया जाता है। समाजजनों ने कहा कि अग्रवाल समाज की कुलदेवी माता महालक्ष्मी हैं, जिनके आशीर्वाद से समाज देश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। ऐसे में अमित बघेल के बयान से समाज की धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं।अग्रवाल व सिंधी समाज के लोग दोपहर के समय छत्रसाल चौराहे पर एकत्रित हुए और अमित बघेल का पुतला दहन किया। इसके बाद समाज के लोग रैली निकालकर कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर उक्त युवक पर कार्रवाही की मांग की है।

## बागेश्वर महाराज के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

### समाजसेवियों, शिष्य मंडल, सुंदरकांड मंडल के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**छतरपुर।** समूची हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री दिन रात मेहनत कर रहे हैं। समाज को एकजुट होता देख तथाकथित व्यक्तियों को यह रास नहीं आ रहा इसलिए वे सोशल मीडिया के माध्यम से बागेश्वर महाराज के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। बागेश्वर धाम शिष्य मंडल, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, सुंदरकांड मंडल की केंद्रीय टीम सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर ऐसे कुत्सित मानसिकता वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आगामी 7 नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से श्री धाम वृंदावन तक बागेश्वर धाम पीठाधीश महाराज श्री सनातन हिंदू एकता पदयात्रा लेकर जा रहे हैं। इस पदयात्रा



के लिए पहले से ही अपार समर्थन मिल रहा है। ग्वालियर के एक व्यक्ति ने बागेश्वर महाराज के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी की है जिससे हिंदू धर्मावलंबियों, आस्थावानों को ठेस पहुंची है। बागेश्वर महाराज के मान सम्मान को भी ठेस पहुंचाने का भरसक प्रयास किया गया है। ऐसी गंदी मानसिकता वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई होना चाहिए। सनातन संस्कृति को ठेस पहुंचाने वाले तथाकथित लोगों तथा भविष्य में सोशल मीडिया के माध्यम से बागेश्वर महाराज के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# नवागत कलेक्टर के आते ही सिंगरौली बिगड़ी व्यवस्था लौटी पटरी पर



**सिंगरौली।** जिले के नये गौरव बैनल के आते ही सिंगरौली जिले कि बिगड़ी व्यवस्था धीरे -धीरे पटरी पर लौट रही है ज्ञातव्य हो कि एक दशक से सिंगरौली मे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था प्रत्येक विभाग मे भारी भ्रष्टाचार हो रहा था जिसके चलते आम नागरिक का जीना मुश्किल हो गया था लेकिन कलेक्टर श्री बैनल के आते ही तेजी से सुधार होना शुरू हो गया है।
एक समय था जब कोटेदार महीनों का गल्ला डकार जाते थे पटवारी, सचिव, आंगनवाड़ी कभी ठीक ढंग से नौकरी नही करते थे और न ही कभी कार्यालय जाते थे वे लोग आजकल शासन के नियमानुसार क्षेत्र मे उपस्थित होकर कार्य कर रहे है।

### चाय पान की दुकानो पर कलेक्टर के कार्यों की हो रही प्रशंसा व अपराधियों व माफियाओ मे भय का माहौल-

आजकल सिंगरौली जिले मे चाय पान की दुकानो पर कलेक्टर श्री बैनल के द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों के लिए प्रसंशा की जा रही है।
श्री बैनल के आते ही सिंगरौली जिले के जो अपराधी माफिया है वो शांत होकर चुप चाप बैठ गए कोई भी कोयला चोरी या अन्य अपराध करने मे सोच रहा है।

### प्रत्येक मगलवार की जनसुनवाई मे उमड़ रही ऐतिहासिक भीड़

प्रत्येक मगलवार को नये कलेक्टर आते ही ऐतिहासिक भीड़ उमड़ रही है,जिले के आमजनमानस मे ये चर्चा है कि जहाँ कोई समस्या होती है या कोई शिकायत है तो तुरंत कलेक्टर सज्ञान लेकर उचित न्यायायिक कार्यवाही करते है, लगभग प्रत्येक जनसुनवाई मे हजारों लोग उपस्थित होकर श्री बैनल को अपनी समस्या सुना रहे है जिसका तुरंत निराकरण हो रहा है।

### सभी दलो के जनप्रतिनिधिओ से सामजस्य बनाकर सुबह से लेकर शाम तक करते रहते है कार्य

श्री बैनल सुबह से ही अपने कार्य पर ईमानदारी से लग जाते है और शासन की योजनाओं से लेकर समस्त दायित्व अच्छे से निर्वहन कर रहे है। सभी दलो के जनप्रतिनिधिओ से उनकी बात सुनकर सामजस्य बनाकर कार्य कर रहे है। जिससे सभी दलो के प्रतिनिधिओ का उन पर विश्वास बढ़ता जा रहा है।

### निष्पक्ष, ईमानदारी की है मिशाल युवाओं के लिए प्रेरणा

कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल बहुत ही सरलता से जनता की आवाज को सुनकर उनकी समस्या का निदान करते है। लोग कहते फिर रहे है कि उच्च पद होकर कैसे लोग ईमानदारी से कार्य करते है कोई सिंगरौली कलेक्टर गौरव बैनल से सीखे। सिंगरौली जिले ही नही समस्त प्रदेश देश के युवा इनके कार्यों को देखकर इनसे बहुत कुछ सीखकर इनको अपना आदर्श मान रहे है।

### एनसीएल के गोरबी परियोजना मे ओबी कंपनी के इतिहास मे पहली बार कलेक्टर के निर्देश पर पारदर्शी तरीके से भर्ती

जब से कलेक्टर सिंगरौली के रूप मे गौरव बैनल प्रभार लिए है तब से लगातार एक से बढ़कर एक सराहनीय कार्य कर रहे है।एनसीएल परियोजना मे ओबी कम्पनियों मे भारी दलाली होती थी लाख दो लाख रूपये लेकर दलाल नौकरी बेचते थे करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार होता था लेकिन जब से कलेक्टर श्री बैनल आये तब से घूसखोरी बिल्कुल बन्द हो चुकी है अभी गोरबी परियोजना मे ओबी का कार्य करने अजंता राधा कंपनी आई जिसमे भर्ती के सम्बन्ध भारी शिकायत मिल रही थी जैसे श्री बैनल के जानकारी मे आई उन्होंने तत्काल निर्देशित करते हुए विष्ठापित प्रभावित को कैम्प लगाकर आवेदन करवाया और उसी आधार पर भर्ती हो रही है। देखने मे आया कि बहुत ही नियमानुसार तरीके से भर्ती हो रही है जिससे सिंगरौली का आमजनमानस काफी अपने कलेक्टर की सराहना कर रहा है।
अगर कलेक्टर सिंगरौली जैसे दो चार और अधिकारी आ जाये तो पुरी सिंगरौली का भ्रष्टाचार सुधर जाये।

### भारी वर्षा के चलते किसानो के नुकसान की भरपाई के लिए कलेक्टर ने टीम गठित कर दिया सर्वे के आदेश-

सिंगरौली जिले मे भारी बरसात के चलते किसानो का धान की फसल पुरी तरह से बर्बाद हो गई है कलेक्टर सिंगरौली ने तुरंत सज्ञान लेते हुए टीम गठित कर सर्वे करने के आदेश जारी किये है जिससे किसानो की बर्बाद हुई फसल का उचित मुवावजा मिल सके। इस प्रकार से कई अत्यंत ही सराहनीय कार्य श्री बैनल के द्वारा किये जा रहे है जिससे अपने कलेक्टर के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ता जा रहा है व आम जनमानस के लिए एक मशीहा बनते जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### नशामुक्त भारत अभियान अब नवम्बर माह तक रहेगा जारी

**रीवा ।** आमजनता को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करने तथा नशे के शिकार व्यक्तियों पुनर्वास के लिए नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। शासन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को नवम्बर माह तक जारी रखने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के तहत सभी शिक्षण संस्थान तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नशे के प्रति जागरूकता अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके तहत रैली भाषण प्रतियोगित, संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं शिक्षण संस्थान में आयोजित की जायेगी। सभी प्रमुख कार्यक्रम तथा समारोह में भाग लेने वाले व्यक्तियों को नशे के विरूद्ध ऑनलाइन शपथ दिलाई जायेगी। नशामुक्त अभियान के तहत जिले भर में आयोजित जागरूकता गतिविधियों की जानकारी नशामुक्त भारत अभियान पोर्टल एनएमबीए डॉट डीओएसजेई डाट जीओव्ही डाट इन पर अपलोड की जायेगी। सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भी नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान आयोजित किये जायेंगे। अभियान को सफल बनाने में एनसीसी क्रेडिट, स्काउंड गाइड, सामाजिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं का भी पूरा सहयोग लिया जायेगा।

### मां वीरासन देवी और बालाजी मंदिर में दीपदान

**सिलौंडी।** देवप्रबोधिनी एकादशी के मौके पर धार्मिक स्थलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध मां वीरासन देवी मंदिर और सिलौंडी के श्री बालाजी मंदिर में महाआरती के बाद दीपदान किया गया। मां वीरासन को फूलों से सजाया गया और पूरे दरबार परिसर में दीपो से रोशनी किया गया जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, समाजसेवी और आम नागरिकों की सहभागिता रही।

### बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने दो माह से भटक रहा दिव्यांग पिता

**विजयराघवगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसवारा स्थित खेत में करंट की चपेट में आने से दुर्जनपुर निवासी 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई थी। अब अपने इकलौते पुत्र की मौत का का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दिव्यांग पिता भटक रहा है। शनिवार को दुर्जनपुर निवासी संतोष कुमार पटेल पिता स्वर्गीय सीताराम पटेल निवासी विजयराघवगढ़ थाने पहुंचा और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संबंधित जानकारी मांगी। हाथ में वैशाखी और चेहरे पर परेशानी का भाव लिए संतोष पटेल ने बताया कि परसवारा स्थित खेत में करंट लगने से उसके पुत्र विवेक कुमार पटेल उम्र 15 वर्ष की मौत अगस्त माह में हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस द्वारा मर्ग प्रकरण दर्ज किया गया था। अब समस्या यह है कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटक रहा है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### कर्मचारियों की छुट्टियों पर लगी रोक

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) 2025-26 के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस अवधि में जिले के सभी विभागों को कर्मचारियों के कैजुअल लीव (सीएल) को छोड़कर किसी भी प्रकार के अन्य अवकाश को स्वीकृत न करने का निर्देश दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर निगम एवं जिला पंचायत को विशेष रूप से इस निर्देश का पालन करने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को अपने सभी संकुल प्राचार्यों को तत्काल प्रभाव से इस बारे में सूचित करने का निर्देश दिया है।

---

अधिकारियों की ओर से जानबूझकर शासन आदेशों की अनदेखी की जा रही है, मामले में कांग्रेस नेता ने उठाई आवाज

# आदेशों की अनदेखी का अनोखा मामला, 13 वर्षों से नहीं लौटा मूल विभाग में लेखापाल, कई आदेश पर अमल शून्य, भोपाल पहुंची शिकायत

**रीवा ।**

संभागीय कार्यालय, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग रीवा में कार्यरत लेखापाल राजेश कुमार कोल पिछले 13 वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं। शासन के बार-बार जारी आदेशों के बावजूद अब तक उन्हें उनके मूल विभाग शिक्षा विभाग में वापस नहीं किया गया है। इस प्रकरण ने विभागीय कार्यप्रणाली और शासनादेशों के अनुपालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, राजेश कुमार कोल, जो मूल रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्रम्हगढ़, जिला सीधी में सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ थे, उन्हें 26 सितंबर 2011 को प्रतिनियुक्ति पर लेते हुए विंध्य विकास प्राधिकरण, रीवा में चार वर्ष की अवधि के लिए पदस्थ किया गया था। इसके बाद, 18 दिसंबर 2015 को जारी आदेश क्रमांक 374/विं.वि.प्रा./स्था./2015 के तहत उन्हें सहायक ग्रेड-2 से लेखापाल के पद पर पदोन्नत करते हुए पुनः उसी कार्यालय में पदस्थ किया गया। यह आदेश उस समय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विंध्य विकास प्राधिकरण रीवा द्वारा जारी किया गया था। वही शिक्षा विभाग ने 30 मई 2017 को आदेश जारी



किया था कि निगम-मंडल को छोड़कर सभी विभागों में कार्यरत प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में वापस किया जाए। इसके बाद भी, संबंधित अधिकारियों ने इस आदेश का पालन नहीं किया। इसी क्रम में, अपर मुख्य सचिव, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन द्वारा 30 जनवरी 2020 को आदेश क्रमांक 115/84/2020 के तहत यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विकास प्राधिकरणों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को उनके मूल विभाग भेजा जाए। बावजूद इसके, राजेश कुमार कोल को अब तक शिक्षा विभाग में वापस नहीं किया गया।8 माह से वेतन नहीं, फिर भी दे रहे सेवाएंजानकारी के अनुसार, राजेश कुमार कोल को पिछले आठ माह से वेतन भी प्राप्त नहीं हो रहा है, फिर भी वे नियमित रूप से संभागीय कार्यालय रीवा में लेखापाल के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह स्थिति इस ओर संकेत करती है कि या तो प्रशासनिक उदासीनता है या फिर संबंधित अधिकारियों की ओर से जानबूझकर शासन आदेशों की अनदेखी की जा रही है।मामले में कांग्रेस नेता ने उठाई आवाजइस पूरे मामले पर जिला किसान कांग्रेस कमेटी रीवा के अध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह (पिंटू) ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इस संबंध में संचालक, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, विंध्याचल भवन, भोपाल को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने मांग की है कि शासन के आदेशों का पालन करते हुए राजेश कुमार कोल को तत्काल उनके मूल विभाग शिक्षा विभाग में वापस भेजा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन के स्पष्ट आदेशों के बावजूद यदि कर्मचारी को वर्षों तक प्रतिनियुक्ति पर रखा जाता है, तो यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही है बल्कि शासन व्यवस्था की गंभीर विफलता भी है।

### सरपंच, सचिवों को वसूली न जमा करने पर जारी किये गये वारंट का हुआ असरजमा हुई 22 लाख रूपये से अधिक की राशि

**रीवा ।** जिला पंचायत द्वारा धारा 89 की सुनवाई के दौरान पूर्व सरपंच, सचिवों द्वारा वसूली राशि जमा न करने पर संबंधितों को धारा 92 (2) के तहत थानों में वारंट जारी किया गया था। वारंट जारी होने के उपरांत 22 लाख 6 हजार 263 रूपये की राशि जमा कराई गयी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद जवा अन्तर्गत कंचनपुर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच विनोद सिंह द्वारा 212280 रूपये, जीआरएस दीपक सिंह 212280 रूपये, रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत पूरवा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच श्रीमती सुधा सोनी द्वारा 907830 रूपये, पूर्व सचिव अशोक सिंह द्वारा 530000 रूपये, सिरमौर जनपद अन्तर्गत डिहिया ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच सुरेश कुमार द्वारा 243873 रूपये तथा नईगढ़ी जनपद के बधवा कोठार ग्राम पंचायत के पूर्व सचिव दिलीप पटेल द्वारा एक लाख रूपये की राशि जमा कराई गयी है।

# रीवा जिले में 2572 टन यूरिया और 1006 टन डीएपी खाद है उपलब्ध

**रीवा।**

आगामी फसल की बुवाई के लिए किसानों को समुचित खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सहकारी समितियों डबल लॉक सेंटर तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा जिले में 3 नवम्बर की स्थिति में कुल 2575.41 टन यूरिया तथा 1006 टन डीएपी खाद उपलब्ध है। इसके साथ-साथ 2392 टन एनपीके, 23.75 टन म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा 3403.9 टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है। खाद की रैक नियमित अंतराल से प्राप्त हो रही है। उप संचालक ने बताया कि किसानों को सहकारी समितियों, डबल लॉक सेंटर तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से लगातार खाद का वितरण किया जा रहा है। अब तक किसानों को कुल 4376 टन यूरिया, 1952 टन डीएपी, 2368 टन एनपीके, 11.3 टन म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा 456.5 टन सिंगल सुपर फास्फेट का वितरण किया जा चुका है। किसान अपनी आगामी एक सप्ताह की जरूरत के लिए खाद का उठाव करें। डीएपी खाद यदि प्राप्त नहीं होती है तो सिंगल सुपर फास्फेट और यूरिया की निर्धारित मात्रा से भी इसकी पूर्ति की जा सकती है।

## कमिश्नर रोजगार मेले की आज रीवा में करेंगे समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग में 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को रोजगार और स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संभागीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद 4 नवम्बर को रीवा में रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक दोपहर एक बजे से कलेक्टर कार्यालय रीवा में आयोजित की गई है। बैठक में जिला पंचायत, जिला व्यापार तथा उद्योग केन्द्र, रोजगार कार्यालय, कृषि, जनजातीय कार्य विभाग, आजीविका मिशन, औद्योगिक विकास निगम तथा रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं से संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा सभी प्रमुख बैंकों के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहेंगे।

# संजय गांधी अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नया प्लान तैयार पुलिस व सुरक्षा अधिकारियों ने अस्पताल का भ्रमण कर की विस्तृत चर्चा

**रीवा।**



जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल संजय गांधी अस्पताल एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अमहिया पुलिस ने सोमवार को विशेष पहल की। रीवा पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह के निर्देशन में अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने अस्पताल परिसर में तैनात सभी सुरक्षा अधिकारियों और कर्मियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर पुलिस और निजी सुरक्षा कर्मियों के बीच बेहतर सामंजस्य बेहद जरूरी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति पर तुरंत नजर रखी जाए और स्थिति संदिग्ध लगने पर तत्काल पुलिस को सूचित किया जाए। थाना प्रभारी ने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि वे अस्पताल परिसर में आने-जाने वाले हर व्यक्ति पर सतर्क निगाह रखें, साथ ही पार्किंग क्षेत्र, वार्ड और आपातकालीन विभाग में भी नियमित पैट्रोलिंग की जाए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की नियमित मॉनिटरिंग करने, कैमरों की कार्यप्रणाली जांचने और सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा व सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी तरह की अव्यवस्था या अनहोनी की स्थिति में पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचेगी। इस दौरान अमहिया पुलिस टीम ने अस्पताल प्रशासन से समन्वय स्थापित कर एक संयुक्त सुरक्षा प्लान भी तैयार किया है।

## जिले भर में आयोजित किए जाएंगे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**रीवा ।**

दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के उपचार, जटिल ऑपरेशन, गर्भवती महिलाओं के उपचार तथा थैलीसीमिया और हीमोफीलिया के उपचार के लिए रक्त की आवश्यकता होती है। जिले के ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध होने पर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो जाता है। ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता के लिए जिले भर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर रक्त संचय किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक शिविर में कम से कम सौ यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया में 7 नवम्बर, मनगवां में 17 नवम्बर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरमौर में 21 नवम्बर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सिविल अस्पताल मऊगंज में 28 नवम्बर, सिविल अस्पताल त्योंथर में 3 दिसम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव में 9 दिसम्बर, गोविंदगढ़ में 16 दिसम्बर, चाकघाट में 23 दिसम्बर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना में 29 दिसम्बर को शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में 18 से 50 वर्ष तक की आयु के स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते हैं। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से गंभीर रोगी को जीवनदान मिलेगा। शिविर में दिए गए रक्त की मात्रा की कुछ ही दिनों में शरीर में पूर्ति हो जाती है। नियमित अंतराल से रक्तदान करने पर ब्लडप्रेशर और कैंसर जैसे रोगों से बचाव भी होता है।

### औद्योगिक क्षेत्र घूमा में भूखंड आवंटन के लिए आवेदन पत्र आज से 15 तक

**रीवा ।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा रीवा जिले के विभागीय औद्योगिक क्षेत्र घूमा में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया गया है। इच्छुक उद्यमी एक नवम्बर प्रातः 11 बजे से 15 नवम्बर को शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क पाँच हजार रुपए है, जो वापस नहीं होगा। ईओआई जमा करने से पहले आवेदक का विभागीय पोर्टल श्द्धश्झश्द्ध.ढ़द्घ.त्द पर संबंधित विवरण के साथ पंजीकृत होना अनिवार्य है। आवेदन भूखंड के आरक्षित प्रीमियम के 25 प्रतिशत अग्रिम राशि के भुगतान के साथ ही मान्य होगा। भूखंडों का अंतिम आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। निविदा, प्रक्रिया एवं तकनीकी शर्तों जैसे विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर प्राप्त की जा सकती है। यह आमंत्रण उन गंभीर निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो रीवा जिले के घूमा औद्योगिक क्षेत्र में अपनी इकाइयाँ स्थापित या विस्तारित करना चाहते हैं।

# ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत एनडीपीएस एक्ट के फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।**



शहर के अमहिया थाना पुलिस ने प्रहार 2.0 अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारीशिवा अग्रवाल व उनकी टीम ने एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे 7500 रूपये के ईनामी आरोपी छोटिया सोंधिया उर्फ सेझा को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। 3 नवंबर को थाना अमहिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अपराध क्रमांक 260/25 धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 औषधि नियंत्रण अधिनियम में फरार आरोपी छोटिया सोंधिया उर्फ सेझा मानस भवन के पास सड़क किनारे दिखाई दिया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, वह अमहिया नाले में छलांग लगाकर फरार होने की कोशिश करने लगा। पुलिस बल ने घेराबंदी कर सुरक्षित बाहर निकाला और गिरफ्तार कर लिया। आरोपी छोटिया सोंधिया उर्फ सेझा पिता बृजनंदन सोंधिया (उम्र 42 वर्ष) निवासी ग्राम चुआ परिहारन टोला, थाना गोविंदगढ़, हाल निवासी बंधन मोहल्ला, रीवा लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रीवा द्वारा 7500 का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत कार्रवाई उपरांत न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें : कलेक्टर

**50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें**



**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरण तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। इसके लिए खण्ड स्तर पर शिविर आयोजित करें। अक्टूबर माह में दर्ज प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कोई भी विभाग रैंकिंग में सी और डी श्रेणी में न रहे। ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई, श्रम विभाग, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दे। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी आई जीओटी एप के माध्यम से प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से लें। कार्यालय प्रमुख प्रशिक्षित अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी प्रस्तुत करें। कार्यपालन यंत्री रीवा-डभौरा प्रस्तावित सड़क के भू अर्जन से जुड़े प्रकरणों को निराकृत कराकर निर्माण कार्य शुरू कराएं। रीवा में इस माह संभागीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। स्वरोजगार और रोजगार से जुड़े विभाग तथा बैंकर्स स्वीकृत प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करें तथा अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही करें। आगामी 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती कोल भवन परिसर में मनाई जाएगी। कोल भवन का निर्माण पूरा कराकर इसमें समारोह के लिए आवश्यक प्रबंध करें। कलेक्टर ने कहा कि जिला आपूर्ति अधिकारी धान उपार्जन के संबंध में आवश्यक प्रबंध करें। खरीदी केन्द्र निर्धारित करके उनमें किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं, धान के भण्डारण तथा परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा योजना से जिन पात्र व्यक्तियों को नवीन पात्रता पर्ची जारी हुई है उनका दो दिवस में ई केवायसी कराकर खाद्यान्न का वितरण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने सड़कों के सुधार, सीएम मॉनिट तथा सीएस मॉनिट के पत्रों पर तत्काल कार्यवाही एवं रोजगार मेले की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

मऊगंज की सुप्रसिद्ध कलाकार राखी द्विवेदी ने प्रस्तुत किये गीत

# मऊगंज में जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ शुभारंभ






**मऊगंज।** शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय के सभागार में मॉ सरस्वती जी की पूजा अर्चना, वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ सरस्वती वंदना छात्रा पलक मिश्रा एंव स्वागत गीत मऊगंज की सुप्रसिद्ध कलाकार राखी द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल विशिष्ट अतिथि एड. महेशचन्द्र राल्ही अध्यक्ष- जनभागीदारी समिति, एड. बृजवासी पटेल अध्यक्ष नगर परिषद मऊगंज एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. पाण्डेय जी ने किया तथा महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. विवेक पटेल एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अनवर खान मंचासीन रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप पटेल ने अपने उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ाने के लिए जोर दिया । उन्होंने छात्रों के साथ संवाद कर अपने देश में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारो के बारे में विस्तार से चर्चा की साथ ही अपने भारत देश में हम लोग माँ की तरह गाय, नदी, धरती और अपनी मातृ भूमि भारत को माँ का दर्जा देते हैं । भारत में माँ का दर्जा सर्वोपरी है धरती माँ के बारे में बताया कि कैसे धरती से विभिन्न तत्व अनाजों के माध्यम से सीधे प्राप्त होते हैं। माँ ही है जो बिना किसी चाहत के सर्वस्व देती है । एक कहानी के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया कि शिक्षा सभी तकलीफों एवं समस्याओं का निराकरण है। अन्त में सभी को सन्देश दिया कि माता - पिता का सम्मान ही सर्वोपरि है।कार्यक्रम के दौरान जनभागीदारी सदस्य- एड.अर्चना सिंह, श्री भगवान दीन वर्मा उपस्थित रहे। देवतालाब महाविद्यालय से प्रतियोगी टीम लेकर आए डॉ ज्ञानेन्द्र सिंह,डॉ पंकज मैत्रेय, हनुमना महाविद्यालय से डॉ.अनूप कुमार शुक्ला , नईगढ़ी महाविद्यालय से डॉ. अर्चना द्विवेदी , श्री मुद्रिका प्रसाद पांडेय उपस्थित रहे।जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं — एकल गायन (शास्त्रीय), एकल गायन (सुगम), एकल गायन (पाश्चात्य), वक्तृता, समूह गायन (भारतीय), एकल वादन (पारंपरिक), रंगोली एवं पोस्टर निर्माण में मऊगंज, हनुमना, देवतालाब, नईगढ़ी एवं एस. आर.पी.महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। जिसका मूल्यांकन निर्णायक समितियों द्वारा किया गया। परिणाम की घोषणा समापन के दिन किया जाएगा।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ प्रकाश चंद पटेल दिनेश पटेल डॉ प्रमोद कुमार प्रजापति ,श्री बृजकांत साकेत (खेल अधिकारी) डॉ रामभुवन पटेल, प्रो राजपाल यादव, डॉ एन. डी. त्रिपाठी, डॉ नीता मिश्रा, डॉ प्रकाश पांडेय, डॉ. राघवेंद्र मिश्र, डॉ. ब्रह्ममानंद शर्मा, डॉ. रविशंकर दुबे, डॉ. तरुणा सिंह , डॉ विभा सिंह,डॉ विवेक सिंह, डॉ सतीश मिश्रा,डॉ योगेन्द्र सिंह, डॉ आशीष सोहगौरा,डॉ मनोज चौधरी ,डॉ. सच्चिदानंद मिश्रा,एवं महाविद्यालय के अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं एनसीसी के कैडेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर. एन. पटेल एवं डॉ अवनीश सिंह द्वारा किया गया ।

# मऊगंज की श्रद्धा शुक्ला बनीं स्वर्ण विजेता, राष्ट्रीय कूडो कराटे प्रतियोगिता में दिखाया दम



**मऊगंज।** जिले की 13 वर्षीय श्रद्धा शुक्ला ने गुजरात के सूरत में आयोजित राष्ट्रीय कूडो कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार का, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ा है। हनुमना तहसील के बराँव शुक्ला गांव की निवासी श्रद्धा के घर में जैसे ही स्वर्ण पदक की खबर पहुँची, खुशियों का माहौल छा गया। शनिवार शाम श्रद्धा जब रीवा रेलवे स्टेशन पहुँचीं, तो परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उनका फूलमालाओं और जयकारों से गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार को गांव लौटने पर समाजसेवियों और ग्रामीणों ने उन्हें अपने कंधों पर उठाकर विजेता की तरह सम्मानित किया। श्रद्धा साई पब्लिक स्कूल, शार्दापुरम, रीवा की सातवीं कक्षा की छात्रा हैं। उनके पिता प्रद्युम्न शुक्ला मऊगंज में पत्रकारिता से जुड़े हैं, जबकि दादा बिहारी लाल शुक्ला सामाजिक कार्यों और खेती से सम्मानित पहचान रखते हैं। बचपन से ही श्रद्धा की रुचि खेलकूद और चित्रकला में रही है। श्रद्धा के पिता ने उनकी रुचि को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें रीवा स्थित आयुष कराटे एकेडमी, सरदारपुरम में प्रशिक्षण दिलाया। कठिन परिश्रम और अनुशासन के दम पर श्रद्धा ने पहले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, फिर राज्य स्तरीय मुकाबले (इंदौर) में भी शानदार जीत दर्ज की। लगातार प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया, जहां उन्होंने देशभर के खिलाड़ियों के बीच अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।